**कार्यालय मुख्य अभियन्ता(हाइडिल)**
**उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0**
**तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार**
**14–अशोक मार्ग, लखनऊ।**
दूरभाष 0522–2288656 **E-Mail-cehydelpcl@gmail.com**

**संख्या– 833–अ–7/मु0अ0(हा0)/2022** **दि0: 11. 08. 2022**

## परिपत्र

इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या 553–अ–7/मु0अ0(हा0) दिनांक 30.06.2022 द्वारा अधिकारीगणों एवं ज्ञाप संख्या 186–अ–7/मु0अ0(हा0) दिनांक 28.03.2022 द्वारा कर्मचारीगणों की कारपोरेशन के अन्तर्गत जनपद–लखनऊ में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा लखनऊ स्थित विभिन्न कालोनियों में आवास–आवंटन हेतु अद्यतन प्रस्तुत किये गये आवेदन–पत्र प्रारूपों में अंकित इच्छित विकल्पों के आधार पर वरिष्ठता सूचियां पूर्व में निर्गत की गयी थी।

प्रायः इस कार्यालय स्तर पर लगातार यह देखा जा रहा है कि उक्त वरिष्ठता सूचियों में ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों जिनके द्वारा इस कार्यालय में आवास–आवंटन हेतु किये गये आवेदन–पत्रों का **नवीनीकरण** काफी लम्बे समय से प्रतीक्षित है एवं जिनके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत विकल्पों के आधार पर आवंटित आवास में **अभिधारण** नही लिया जा रहा है तथा न ही कोई सूचना कार्यालय मुख्य अभियंता (हा0), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि आवेदन–पत्र प्रारूप के विलोम पृष्ठ पर यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि **आवेदन–पत्र का पुनर्नवीनीकरण प्रतिवर्ष 02 बार माह जनवरी व जुलाई में किया जाना होगा एवं यदि किसी प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र नवीनीकृत नही होता है तो यह मानते हुये कि वो अब आवास–आवंटन हेतु इच्छित नही है, उसका नाम वरिष्ठता सूची से विलोपित कर दिया जायेगा,** जिससे इस कार्यालय स्तर पर आवास–आवंटन सम्बन्धी कार्य सम्पन्न कराने में अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, के सम्बन्ध में कारपोरेशन स्तर पर गठित आवास–आवंटन समिति द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि उक्त सूचियों के अन्तर्गत **आवास आवंटित** किये जाने हेतु **इच्छुक** अधिकारीगण/कर्मचारीगण से उनके विकल्पों की वरीयतानुसार आवेदन–पत्र नये **संशोधित प्रारूप** में पुनः प्राप्त कर लिए जाये।

अतः समिति के द्वारा दिये गये उपरोक्तानुसार निर्देशों के अनुपालन में **परिपत्र** के साथ उक्त वरिष्ठता सूचियां संलग्न कर इस आशय से निर्गत की जा रही है कि लखनऊ स्थित विभिन्न कालोनियों में आवास–आवंटन हेतु इच्छुक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण परिपत्र निर्गमन की तिथि से **15 दिनों के भीतर** वरीयतानुसार अपना विकल्प पुनः संलग्न संशोधित नये प्रारूप में भर कर **उचित माध्यम** द्वारा कार्यालय मुख्य अभियंता (हा0), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि उन्हें अब विभागीय आवास की आवश्यकता नही है तथा संलग्न वरिष्ठता सूचियों से उनका नाम विलोपित कर दिया जायेगा, जिसमें इस कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही होगा।

**मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

**संख्या– 833–अ–07/ मु0अ0(हा0)/2022 तददिनांक**

**प्रतिलिपि,** अधिशासी अभियंता (वेब), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

Kumar
11.08.2022

**(अरूण कुमार)**
**वैयक्तिक सहायक(द्वितीय)**
**एवं संयोजक, आवास आवंटन समिति**
**कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

## लखनऊ स्थित अधिकारी/कर्मचारी आवासों में आवंटन/नवीनीकरण हेतु आवेदन–पत्र का प्रारूप
## भाग–1(नया आवास आवंटन हेतु)

1. अधिकारी का नाम (आई0डी0/आडिट सं0):..........................................................

2. संवर्ग (अधिकारी/कर्मचारी): ..........................................................

3. सेवानिवृत्त होने की तिथि: ..........................................................

4. वर्तमान तैनाती का विवरण:

   क. पदनाम: ..........................................................

   ख. कार्यालय का पता: ..........................................................

   ग. सैप आई0डी0 सं0: ..........................................................

   घ. मोबाइल न0: ..........................................................

5. विगत 10 वर्षों में कारपोरेशन की सेवा का तैनाती विवरण :

   क. ..........................................................

   ख. ..........................................................

   ग. ..........................................................

   घ. ..........................................................

6. वर्तमान आवास का पता:– ..........................................................

7. लखनऊ स्थित अधिकारी आवासीय कालोनियों में से प्राथमिकता अंकों में कालोनी के नाम के सम्मुख तल सहित अंकित करें।

| अधिकारीगण हेतु | | | कर्मचारीगण हेतु | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | इच्छित कालोनी | इच्छित वरीयता एवं तल | क्र0 सं0 | इच्छित कालोनी | इच्छित वरीयता एवं तल |
| 1. | क्लाइड रोड | | 1. | 32 एल0आई0जी0, इन्दिरानगर | |
| 2. | इन्द्रलोक | | 2. | एच0ए0एल0कालोनी | |
| 3. | चन्द्रलोक | | 3. | टी0आर0टी0 कालोनी | |
| 4. | चन्द्रलोक ट्रांजिट | | 4. | शक्तिपुरम विद्युत कालोनी | |
| 5. | विवेकानन्दपुरी | | 5. | मोतीझील कालोनी | |
| 6. | रामसागर मिश्र नगर | | 6. | प्राग नारायण रोड कर्मचारी कालोनी | |
| 7. | प्राग नारायण रोड | | 7. | इन्द्रलोक कर्मचारी कालोनी | |

दिनांक:..........................................

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम:–

## भाग–2 (नवीनीकरण हेतु )

मैं.......................................................................... आई0डी0 / आडिट संख्या / सैप आई0डी0........................................ ....................................... विभागीय आवास हेतु दिये गये अपने आवेदन दिनांक....................................के विरूद्ध आवास आवंटन हेतु अपना नवीनीकरण आवेदन निम्नानुसार प्रस्तुत करता हूँ / करती हूँ:

| अधिकारीगण हेतु | | | कर्मचारीगण हेतु | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | इच्छित कालोनी | इच्छित वरीयता एवं तल | क्र0 सं0 | इच्छित कालोनी | इच्छित वरीयता एवं तल |
| 1. | क्लाइड रोड | | 1. | 32 एल0आई0जी0, इन्दिरानगर | |
| 2. | इन्द्रलोक | | 2. | एच0ए0एल0कालोनी | |
| 3. | चन्द्रलोक | | 3. | टी0आर0टी0 कालोनी | |
| 4. | चन्द्रलोक ट्रांजिट | | 4. | शक्तिपुरम विद्युत कालोनी | |
| 5. | विवेकानन्दपुरी | | 5. | मोतीझील कालोनी | |
| 6. | रामसागर मिश्र नगर | | 6. | प्राग नारायण रोड कर्मचारी कालोनी | |
| 7. | प्राग नारायण रोड | | 7. | इन्द्रलोक कर्मचारी कालोनी | |

4. **वर्तमान तैनाती का विवरणः**

   **क. पदनामः** .........................................................................................

   **ख. कार्यालय का पताः** .........................................................................................

   **घ. मोबाइल न0:** .........................................................................................

5. **विगत 05 वर्षों में कारपोरेशन की सेवा का तैनाती विवरण :**

   **क.** ..........................................................................

   **ख.** ..........................................................................

**आवेदक के हस्ताक्षरः** .........................................

**वर्तमान तैनाती कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सत्यापन एवं संस्तुति सहित मूलरूप में मुख्य अभियन्ता (हाइडिल), तृतीय तल शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को अग्रसारित करते हुए उल्लिखित कथन का परीक्षण कर सत्यापन किया।**

**हस्ताक्षर** ....................................................................

**अधिकारी का नाम** .....................................................

**पदनाम** ..................................................................

**मोहर :** ..................................................................

<u>नोटः</u> विभागीय आवासों के आवंटन हेतु प्रार्थियों द्वारा दिये गये अपने आवेदन–पत्र का पुनर्नवीनीकरण प्रतिवर्ष दो बार माह जनवरी व जुलाई में किया जाना होगा। निर्धारित समयावधि में अपने आवास आवंटन हेतु दिये गये प्रार्थना पत्र को नवीनीकृत करा लेने पर प्रार्थियों की प्रतीक्षा सूची में वरिष्ठता यथावत बनी रहेगी। यदि उल्लिखित समयावधि में किसी प्रार्थी का प्रार्थना पत्र नवीनीकृत नहीं होता है तो यह मानते हुये कि वह अब आवास आवंटन हेतु इच्छित नही है। उसका नाम वरिष्ठता सूची से अवश्यमेंय रूप से विलोपित कर दिया जायेगा।